आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 05.11.2026
समय 720

मुख्य समाचार :–

- सोंग नदी के पारिस्थितिक स्वास्थ्य के आकलन के लिए शुरू हुई जैव संकेतक परियोजना।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कल प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे के मद्देनजर देहरादून में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी।
- उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश के लिए अपना विशेष योगदान देने वाली 15 विभूतियों को उत्तराखंड गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- रुद्रप्रयाग जिले के दरमोला–जवाड़ी गांव में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 20 महिलाएं मिट्टी के दीये और धूपबत्ती बनाकर स्वरोजगार की मिसाल पेश कर रही हैं।

नदी परियोजना

पूर्वी दून घाटी की प्रमुख नदी सोंग के पारिस्थितिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी के तहत जैव संकेतक परियोजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य जल की गुणवत्ता, नदी किनारे के आवास और इंसानी दबावों के प्रभाव का जैव संकेतकों के जरिए त्वरित मूल्यांकन करना है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.पी. उनियाल के मार्गदर्शन में होने वाले इस अध्ययन में जलीय जीवों, तितलियों, मधुमक्खियों, ड्रैगन फ्लाई और पक्षियों की प्रजातियों के आधार पर नदी की सेहत और जल गुणवत्ता का आकलन किया जाएगा। करीब 80 किलोमीटर लंबी सोंग नदी के उद्गम से गंगा संगम तक 36 स्थानों पर दो अलग–अलग मौसमों में सर्वेक्षण किया जाएगा। छह महीने की इस परियोजना से नदी का व्यापक जैविक आंकड़ा तैयार होगा। इससे प्रस्तावित सोंग बांध, खनन और शहरीकरण के नदी पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करने और उसके संरक्षण के लिए प्रभावी नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कल छह नवंबर को प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे के मद्देनजर देहरादून में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। श्री शाह परेड ग्राउंड में भाजपा की पदयात्रा और जनसभा में शामिल होंगे। इसके अलावा पुलिस लाइन में आयोजित अलंकरण परेड में भी शिरकत करेंगे। इस संबंध में सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रीफ किया। उन्हें निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचने, सतर्कता बरतने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश से पहले सभी लोगों और वाहनों की जांच की जाएगी। वीवीआईपी मार्ग, आसपास की ऊंची इमारतों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड से भी जांच कराई जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल और आसपास ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। सभी थाना प्रभारियों को होटल, धर्मशालाओं, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षित निकासी के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा

हरिद्वार में खाद्य सुरक्षा विभाग ने शिवालिक नगर, इकबालपुर, मंगलौर और झबरेड़ा में मिठाई की दुकानों व निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर जांच अभियान चलाया। इस दौरान मिठाइयों के तीन नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए लिए गए। सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, महिमानंद जोशी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में एक मिठाई निर्माण इकाई में साफ–सफाई की कमी, दस्तावेजों का अभाव और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं मिली। इस पर इकाई को नोटिस जारी कर मिठाइयों का निर्माण, भंडारण और बिक्री बंद रखने के निर्देश दिए गए। वहीं, शिवालिक नगर के एक प्रतिष्ठान में खाद्य पंजीकरण में मिठाई की श्रेणी शामिल नहीं होने पर बिक्री पर रोक लगाई गई। निर्माता का नाम और पता अंकित नहीं होने पर पेड़े के 35 पैकेट भी हटवाए गए। इसके अलावा मोबाइल फूड वैन के माध्यम से 82 खाद्य पदार्थों की जांच की गई, जिनमें 15 खाद्य पदार्थ निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। विभाग ने इन्हें मौके से हटवा दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग का जांच अभियान जारी है।

जीएसटी संग्रह

नैनीताल जिले के हल्द्वानी सम्भाग में राज्य कर विभाग का जीएसटी संग्रह अक्टूबर माह में 46 करोड़ 43 लाख रुपये रहा। विभाग की संयुक्त आयुक्त हेमा बिष्ट ने बताया कि इसमें नैनीताल जिले का योगदान सर्वाधिक 29 करोड़ 95 लाख रुपये रहा। वहीं, बागेश्वर जिले में सबसे कम एक करोड़ 87 लाख रुपये का जीएसटी संग्रह हुआ। इसके अलावा पिथौरागढ़ में 6 करोड़ 91 लाख, अल्मोड़ा में 4 करोड़ 74 लाख और टनकपुर में 2 करोड़ 97 लाख रुपये जीएसटी संग्रह दर्ज किया गया।

उत्तराखंड गौरव सम्मान

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के लिए अपना विशेष योगदान देने वाली 15 विभूतियों को उत्तराखंड गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में प्रदान किए जाएंगे। सम्मानित होने वालों में राजनीतिक व शासकीय क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूड़ी को मरणोपरांत, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. जीवन सिंह तितियाल, उद्यमिता में मनमोहन भारद्वाज, फिल्म जगत में हिमानी शिवपुरी, लोक गायन में हेमा नेगी करासी और रेशमा शाह तथा शिक्षा व पत्रकारिता में डॉ. गिरीश रंजन तिवारी शामिल हैं। इसके अलावा सामाजिक क्षेत्र में अनीता थपलियाल शर्मा और कश्मीर सिंह, पर्यावरण संरक्षण में सुरेश भाई तथा खेल के क्षेत्र में एकता बिष्ट, वंदना कटारिया, अंकिता ध्यानी, निकिता चंद और कपिल पोखरिया को सम्मानित किया जाएगा।

युवा महोत्सव

बागेश्वर में युवा कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें जिले के तीनों विकासखंडों के 84 प्रतिभागियों ने लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला और कविता लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विधायक पार्वती दास ने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और लोक संस्कृति व परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने कहा कि विभाग का प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराना है।

प्रतिभागी चम्पा आर्या ने महोत्सव को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर बताया।

स्वरोजगार

रुद्रप्रयाग जिले के जखोली विकासखंड के दरमोला–जवाड़ी गांव में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 20 महिलाएं मिट्टी के दीये और धूपबत्ती बनाकर स्वरोजगार की मिसाल पेश कर रही हैं। जय रुद्रनाथ क्लस्टर लेवल फेडरेशन से जुड़ी ये महिलाएं दीये बनाने के साथ ही उन्हें रंगने और सजाने का काम भी कर रही हैं। महिलाएं बाजार की मांग के अनुसार अलग–अलग रंगों और डिजाइनों के दीये तैयार कर रही हैं। तैयार उत्पादों की बिक्री स्थानीय बाजारों, मेलों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से की जाएगी। इस पहल से महिलाओं को गांव में ही रोजगार और अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है। समूह की महिलाओं ने दीपावली पर लोगों से स्थानीय स्तर पर बने मिट्टी के दीये और अन्य उत्पाद खरीदने की अपील की है, ताकि स्थानीय हुनर और महिला आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्र के सुर्खियों पर

अग्निवीरों को दो साल की सेवा के विस्तार देने की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में प्रमुखता से प्रकाशित की गई है। हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है– अग्निवीरों को स्थायी नौकरी का रास्ता साफ। पचहत्तर फीसदी को दो साल के विस्तार के बाद मिलेगा मौका। इसी ख़बर पर दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है– मेरिट के आधार पर पच्चीस प्रतिशत अग्निवीरों के सेना में समायोजन के बाद जो पचहत्तर प्रतिशत अग्निवीर बचेंगे, उन्हें भी दो वर्ष के सेवा विस्तार के बाद रक्षा बलों की नियमित सेवा में जाने का विकल्प मिलेगा।

देहरादून में मोहब्बेवाला में सड़क हादसे की ख़बर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। अमर उजाला का शीर्षक है– देहरादून में कार पर पलटा कंटेनर, चार लोगों की मौत। कार से छह साल का बच्चा सुरक्षित निकला। समाचार पत्र के अनुसार इस स्थान पर हुआ यह पन्द्रहवां सड़क हादसा है।

एक अन्य ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– दुनिया जीतने चले डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका ने ही ठुकराया। मध्यावधि चुनाव में देश की संसद के दोनों सदनों सीनेट व प्रतिनिधि सभा में ट्रप की रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेटिक पार्टी के हाथों पचास वर्षों की सबसे करारी हार मिली है।

कोहली और तेज गेंदबाजों के कमाल से जीती टीम इंडिया। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– न्यूजीलैंड को बारिश से बाधित पहले मुकाबले में डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच विकेट से पराजित किया। तीन मैचों की सीरीज़ में भारत एक–शून्य से आगे।